शोध निदेशालय
कोटा विश्वविद्यालय,कोटा
एम.बी.एस.रोड़ कोटा–324005
फोन नं. 0744-2471037

DIRECTORATE OF RESEARCH
UNIVERSITY OF KOTA, KOTA
MBS Road kota-324005
Phone No.: 0744-2471037
E-mail : research@uok.ac.in

No. F: - 6( ) Res. / UOK/2026/ 112

Date: 18/04/ 2026

सभी योग्य अभ्यर्थी,

विशयः– विश्वविद्यालय स्तर पर पीएच.डी. कोर्सवर्क के End term evalution की ऑन लाइन (Virtual mode) कक्षाओं के संचालन के सम्बन्ध में सूचना।

प्रिय अभ्यर्थियों,

आपके द्वारा पीएच.डी. पाठ्यक्रम के कोर्सवर्क (आन्तरिक मूल्यांकन) हेतु माह नवम्बर 2025 एवं मार्च 2026 में सम्बधित शोध केन्द्र पर प्रवेश लिया गया है। कोर्सवर्क की अवधि (एक सेमेस्टर) है, जिसमें 05 माह शोधार्थी को शोध पर्यवेक्षक के निर्देशन में शोध हेतु प्रशिक्षण लेना होता है जिसके कुल 40 अंक है तथा 60 अंक End term evalution के होते है जिसकी कक्षाओं का आयोजन विश्वविद्यालय स्तर पर होता है, अतः विश्वविद्यालय स्तर पर होने वाले End term evalution के लिये कक्षाओं का संचालन दिनांक 06 मई 2026 से आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है। इस कोर्सवर्क में माह फरवरी 2024 से मार्च 2024 में सम्पन्न कोर्सवर्क कक्षाओं में अनुपस्थित शोध अभ्यर्थी तथा वे शोधार्थी जिनकी उपस्थिति विश्वविद्यालय नियमानुसार कम पायी गयी है, उन अभ्यर्थियों को सम्मिलित होना अतिआवश्यक है। यदि ये अभ्यर्थी उक्त कोर्सवर्क पूर्ण नहीं करते है तो उनका पीएच.डी. पंजीकरण निरस्त माना जाएगा।

कोर्सवर्क की कक्षाऐं एक माह की अवधि के लिए ऑन लाइन (Virtual mode) संचालित की जावेगी जिनमें प्रत्येक शोधार्थी को ऑन लाइन कक्षाओं मे सम्मिलित होना अनिवार्य है, नियमानुसार 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जानी अनिवार्य है। ऑन लाइन कक्षाओं की समय सारिणी/ऑन लाइन लिंक पृथक से तथा अन्य महत्वपूर्ण सूचना समय–समय पर उपलब्ध करवाई जाती रहेगी। कक्षाओं के बाद इससे संबंधित परीक्षा होगी, जिसके लिए विस्तृत कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर यथा समय अपलोड कर दिया जावेगा। अतः एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आप इस कोर्सवर्क End term evalution में आवश्यक रूप से सम्मिलित होना सुनिश्चित करें। इसके अभाव में आपका पीएच.डी. हेतु प्रवेश निरस्त माना जावेगा।

ऐसा संज्ञान में आया है कि कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में Ph.D. Course Work हेतु आवेदन फार्म जमा नहीं करवाया गया है, उन्हें विश्वविद्यालय की वेबसाइट के Research Portal से Ph.D. Course Work form डाउनलोड कर प्रिन्ट निकालकर शोध पर्यवेक्षक तथा शोध केन्द्र के प्रभारी (प्राचार्य अथवा विभागाध्यक्ष) से अग्रेषित करवाकर अपने निर्धारित शुल्क जमा कराने के बैंक चालान के साथ शोध निदेशालय में दिनांक **30 अप्रेल, 2026** तक आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। ऐसे अभ्यर्थी पीएच.डी. कोर्सवर्क हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क राशि रूपये 10000/- (For Faculty of Science) एवं रूपये 8000/- (For Faculties of other than Science Faculty) दिनांक **30 अप्रेल, 2026** तक विश्वविद्यालय में स्थित Union Bank of India में उपलब्ध चालान के माध्यम से नकद राशि जमा करवाना सुनिश्चित करें। इसके अभाव में कोर्सवर्क में सम्मिलित नहीं किया जावेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं शोध अभ्यर्थी की होगी।

(डॉ. विपुल शर्मा)
उपकुलसचिव (शोध)

LD F/Disk E/Course Work 2024/1